## संक्षिप्त

### अंधड़ से दीवार गिरी, 15 बकरियां मरी

**दूदू, (निसं)।** कस्बे एवं आसपास के गांवों में गुरूवार की रात को आये तेज अधंड़ व बरसात से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। जगह-जगह पेड़, टीन शैड, ट्रांसफार्मर, बिजली के पोल गिर गये। एक गांव में दीवार गिर जाने से मलबे में दबकर 15 बकरियों की मौत हो गई। रातभर आई आंधी बरसात के साथ ओला वृष्टि भी हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनी फैक्ट्रियों के टीनशैड उडकर दूसरी जगह पहुंच गये। महेशपुरा गांव में जयराम बलाई के मकान की दीवार गिर जाने पर मलबे में दबकर 15 बकरियों की मौत हो गई।

### तेज अंधड़ से दो भैंस मरी

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र में गुरवार रात्रि को आए तेज अंधड़ के कारण अनेकों टीन शेड व मकान धराशाई हो गए एवं विद्युत पोल ट्रांसफार्मर व तार टूटकर जमीन पर गिर गए। तेज गति से आए अंधड के कारण दो अलग-अलग गांव में भी दो भैंसों की मौत हो गई। क्षेत्र के बहनोली, पिपलवाडा, बोरखेड़ा, मोरण, मजेवला, बौंली वंदावल, पीपल्दा, खोहरी सहित अनेकों गांव में अंधड़ के कारण भारी नुकसान होने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं।

### किसान की बेटी ने नाम रोशन किया

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय ईपी स्कूल की छात्रा अन्नु यादव ने कला वर्ग के राजस्थान बोर्ड परीक्षा परिणाम में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक आजाद चौधरी, प्राचार्य राजेश आचार्य, प्र.स.प्रधान, सरपंच आदि गणमान्य लोगों ने छात्रा के पिता मुकेश यादव को माल्यार्पण कर मिठाई खिला बधाई दी।

### युवक ने फांसी लगाई

**बौंली, (निसं)।** मित्रपुरा थाने के एएसआई नंदराम ने बताया कि उदगांव निवासी मक्खन लाल मीणा उम्र 19 वर्ष ने अपने घर के ऊपर कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पाकर मित्रपुरा पुलिस मौके पर पहुंची।

# तेज अंधड़ ने बरपाया कहर, दो जनों की मौत, कई मकान धराशायी

■ सैकडों पेड़ टूटे, विद्युत पोल उखड़े, अंधेरा छाया रहा

**निवाई, (निसं)।** गुरुवार रात क्षेत्र में आए अंधड़ से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रात करीब साढे दस बजे आए तेज अंधड से ग्रामीण क्षेत्र में दो वृद्धों की मौत हो गई तथा एक गांव में पूरा मकान गिर गया जिससे एक महिला के तीन जगह फ्रेक्चर हो गए। इसके अलावा किसानों के खेतों में लगी सोलर प्लेटें उडकर दूर जा गिरी। इसके अलावा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सैकडों बिजली के पोल टूट गए तथा पेड धाराशाई हो गए।

निवाई सदर थाना इंचार्ज ने बताया कि गुरुवार रात आई तूफानी हवाओं से अपने घर में सो रहे नाडी की ढाणी प्रतापपुरा निवासी बल्लूराम पुत्र भूरा लाल उम्र करीब 60 वर्ष पर घर की दीवार आ गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी प्रकार गांव लोडेदा में स्थित अवाना की ढाणी निवासी सुवालाल उम्र 60 वर्ष की भी दबने से मौत हो गई। मृतक भेडों की रखवाली के लिए छप्परनुमा घर में सो रहा था। तूफान से उसका छप्पर उड गया तथा वह जिस ऊंची चारपाई पर सो रहा था वह भी हवा के साथ उड गई और दूर जाकर गिरी जिससे उसकी भी मौत हो गई। जगतपुरा के देवजी मंदिर के पुजारी सूरज प्रजापत ने बताया की मंदिर परिसर में करीब दो सौ साल पुराना पीपल का पेड उखड गया। मूण्डिया निवासी फैली राम मीणा पुत्र श्योनारायण मीणा,गोपाल पुत्र रामचन्द्र मीणा, बीडोली निवासी आशु शर्मा, रामबिलास शर्मा व विजयगोविन्दपुरा निवासी हरिनारायण मीणा पुत्र सांवतराम मीणा, नन्दा माली व गांव बस्सी में फूमा देवी व सीपुरा निवासी बनवारी बैरवा, जीवली निवासी रामकिशन बैरवा,टोरडी निवासी केसर देवी मीणा के खेत पर सौर ऊर्जा सेट उड गया। इसी प्रकार मूण्डिया निवासी किसान वैद्य सत्यनारायण शर्मा एवं राकेश कुमार शर्मा के गांव झापडी के खेतों में लगी सोलर सेट तेज अंधड में उड गए। इसी प्रकार डांगरथल निवासी प्रकाश तिवाडी की भैंस की छप्पर के नीचे दबकर मौत हो गई। गांव हरभांवता में गोकुल गुर्जर का पूरा मकान ढह गया। रामजीपुरा की ढाणी वनस्थली में जीतपाल मीणा के मकान की करीब दो सौ फीट दीवारें ढह गई और इन पर लगी चद्दर भी टूट गई । चद्दर की चपेट में आने से उनकी एक पाडी भी मर गई। इसी प्रकार झिलाय क्षेत्र के गांव खिडगी में अंधड से एक बाडे में लगा हुआ नीम का पेड टूटकर गिर गया जिससे उसके नीचे बंधी हुई एक भैंस व बछडी की मौत हो गई।


गांव खिडगी में नीम का पेड़ गिर गया जिससे उसके नीचे बंधी एक भैंस व बछड़ी की मौत हो गई।

दादूयाल गौशाला में नवनिर्मित पांच कमरों के टीन शेड उडकर दूर जा गिरे। कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल ने बताया कि तेज अंधड से 30 विद्युत पाल क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पांच ट्रांसफार्मर व विद्युत लाईनें नीचे गिर गई जिससे विद्युत आपूर्ति बंद रही। जामडोली में दीवार गिरने से दो बकरियों की मौत हो गई तथा सेदरिया में भगवान देवनारायण के मंदिर के सामने लगा हुआ नीम का पेड टूट गया। गांव तुर्किया में पूरा मकान ढह गया जिसमें दबने से एक महिला के पैर में तीन जगह फ्रेक्चर हो गया व बकरियों की मौत हो गई।

## फायरिंग व लूट के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 15 में रात्रि में व्यापारी पर फायरिंग कर करीब 14 लाख की लूट के आरोपियों का शुक्रवार को कोई सुराग नहीं लगा। जयपुर रेंज आईजी उमेश चन्द्र दत्ता ने वारदात का मौका मुआयना कर पुलिस अधीक्षक करण शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस ने मौका-ए-वारदात से फायरिंग किए गए कारतूस के खाली खोल भी बरामद किए। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आधा दर्जन क्राइम स्पेशलिस्ट की टीम बनाकर आरोपियों के पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं नाकाबंदी भी करवाई गई है। एएसपी गिरधारी शर्मा ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। क्राइम स्पेशलिस्ट पुलिस के जवानों की आधा दर्जन टीमें बनाई गई है जिससे आरोपियों को पकड़ा जा सके। थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव के निर्देशन में सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही है। व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के बाद कस्बें में दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान खाटूधाम व्यापार मण्डल ने भी थानाधिकारी सुभाष यादव को ज्ञापन देकर लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## ओ.एस.डी. चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले की ओएसडी शुभम चौधरी द्वारा जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों को अस्थाई रूप से खोले जाने के लिए लगातार उपलब्ध राजकीय एवं गैर राजकीय भवनों एवं भूमि का अवलोकन किया जा रहा है।

इस सम्बंध में ओएसडी शुभम चौधरी ने शुक्रवार को कस्बा स्थित पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक भी ली। बैठक के दौरान चौधरी ने सभी विभागों के अधिकारियों को उनके पास उपलब्ध भवन, भूमि व संसाधनों को लेकर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। आपको बता दें कि उक्त रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजे जाने के बाद आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध करवाये जाने की प्रक्रिया शुरू होगी। बताया जा रहा है कि कोटपूतली में जिला स्तरीय 33 कार्यालय खोले जाने है। फिलहाल नगर परिषद कार्यालय में अस्थाई रूप से ओएसडी का कार्यालय खोला गया है। ओएसडी चौधरी ने विभागीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लगातार दुसरे दिन भी जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए उपलब्ध वैकल्पिक भवनों का निरीक्षण करते हुए अवलोकन किया। उन्होंने राजकीय सरदार विधालय स्थित छात्रावास, राजकीय सरदार विधालय, ग्राम पंचायत अमाई, चतुर्भुज, बामनवास के अटल सेवा केन्द्र, सराय मौहल्ला स्थित पूराना कन्या महाविधालय आदि का मौका देखा। समस्त प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद ही जिले का सीमांकन होकर राज्य सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जा सकेगा।

वहीं विभिन्न विभागों में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। पुलिस विभाग के लिए एएसपी विधा प्रकाश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित श्रीअशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि राजकीय विद्यालयों ने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल परिणाम देकर खुद की श्रेष्ठता को साबित किया है।

चेयरमैन मिश्र ने कहा कि इस बार राजकीय विद्यालयों की सीनियर बोर्ड की परीक्षाओं में आए अव्वल छात्र-छात्राओं की संख्या प्रमाणित करती है कि विभिन्न समस्याओं से ग्रसित होते हुए भी सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों की शैक्षिणक गतिविधि एवं शैक्षिक गुणवत्ता से कहीं आगे है। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विज्ञान वाणिज्य एवं कला संकाय के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।


श्रीअशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का सम्मान किया।


विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन पारीक ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा विज्ञान वाणिज्य व कला संकाय के मेधावी छात्र छात्राओं का नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र शिक्षाविद ओम प्रकाश चतुर्वेदी द्वारा माला पहना एवं मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य पारीक बताया कि वाणिज्य संकाय में विद्यालय का शत प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय में 96.22 प्रतिशत वह कला वर्ग में 92. 64 प्रतिशत परिणाम रहा। इस सम्मान समारोह के दौरान कई छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सा मंत्री ने 61 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन किया

■ कल्याणपुरा में स्कूल के तीन कमरों का भी उद्घाटन किया

**मंडावरी लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा शुक्रवार को कल्याण पुराने एवं काकरिया में 61 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

चिकित्सा मंत्री ने कल्याणपुरा में 41 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा में 20 लाख की लागत से तीन कक्षा कक्ष मय हाल का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए आमजन को समर्पित किया। इस दौरान पंचायत कांकरिया में महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा निरीक्षण कर पात्र लाभार्थियों से संवाद किया गया।


मंडावरी के कल्याणपुरा ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

शिविर में कुल 582 परिवारों का पंजीयन किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा महंगाई राहत शिविर के दौरान पात्र लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरण किए गए । इस अवसर पर प्रधान नाथू लाल मीना सरपंच मुनेशी देवी उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना प्रगति प्रसार अधिकारी विमल जैमन विकास अधिकारी राजाराम मीना तहसीलदार मदनलाल मीना सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अशोक मीणा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुखपाल मीणा राजीव गांधी युवा मित्र बृजमोहन शर्मा विकास शर्मा व ग्रामीण लाभार्थी मौजूद रहे।

## भामाशाह ने मंदिर में वाटर कूलर लगवाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम मऊ में पहाड़ी पर स्थित बजरंगबली मंदिर में भामाशाह ने वाटर कूलर भेंट किया है। ग्रामवासी राकेश चुलेट ने बताया कि राजकुमार सिंह राठौड़ (उदयपुर) ने अपने नानाजी व नानीजी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान स्व. मानसिंह शेखावत की स्मृति में आमजन के लिए मऊ पहाड़ी पर वाटर कूलर रखवाया गया।

श्री बालाजी मित्र मण्डल,मऊ के सक्रिय सदस्यों के सहयोग से ठण्डे पेयजल हेतु एक वॉटर कूलर को पहाड़ी पर स्थापित कराया गया। यह वाटर कूलर आमजन को समर्पित है। ग्रामवासियों ने भामाशाह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मोहन सिंह अध्यापक, विकास तिवारी, भगवान सिंह, रतन, विनोद,बँटी शेखावत, गोलू तिवारी, ब्रिजेश जांगिड, फूलचंद नायक, गिरधारी शर्मा, राजू सिंह, रमेश, सुरेश चुलेट आदि मोजूद थे।

## किसान की मौत के मामले ने तूल पकड़ा

■ तीन सदस्य टीम ने निलंबित चिकित्साकर्मियों के बयान किए दर्ज

**दौसा, (निसं)।** जिले के लालसोट विधानसभा क्षेत्र के ढोलावास गांव के एक किसान को सांड द्वारा घायल करने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के बाद किसान जसपाल मीणा की हुई मौत प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है।

इस मामले को लेकर गठित हाई लेवल कमेटी में चिकित्सा विभाग के जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर के नेतृत्व में अतिरिक्त निदेशक डॉ. सुशील परमार एवं ज्वाइंट डायरेक्टर ओपी शर्मा आदि की तीन सदस्य टीम ने शुक्रवार को चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा कर्मियों के बयान दर्ज किए गए।

16 मई रात्री को रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र के ढोलावास ग्राम की आम वाली ढाणी निवासी किसान जसपाल मीणा सांड को खेतों से भगाने का प्रयास कर रहा था उसी समय किसान पर सांड द्वारा हमला करने में वह गंभीर घायल हुआ था। जिसे गंभीर अवस्था में घायल होने पर जिला अस्पताल में लाया गया था जहां चिकित्सा अधिकारी अमित कुमार शर्मा चिकित्सा कर्मी दिनेश बैरवा व ईसीजी टेक्नीशियन शीतल सैनी पर इलाज में लापरवाही बरतने एवं गंभीर घायल किसान को जयपुर रेफर करने के बाद इलाज के दौरान मौत हो जाने पर आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को दी गई थी। इस मामले को लेकर सक्रिय हुए चिकित्सा विभाग द्वारा आरोपी चिकित्सा अधिकारी एवं दो चिकित्सा कर्मियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया था। वहीं मामले को लेकर टीम ने चिकित्सकों व चिकित्सक कर्मियों बयान लिए गए हैं।

## विराटनगर क्षेत्र को कोटपुतली में शामिल करने का विरोध

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर तहसील क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संघर्ष समिति पदाधिकारियों के नेतृत्व में कोटपूतली नगर परिषद स्थित कार्यालय में ओएसडी शुभम चौधरी से मुलाकात कर विराटनगर तहसील क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

नवसृजित कोटपुतली जिले में विराटनगर तहसील क्षेत्र को शामिल करने का विरोध जताया। ज्ञापन में मांग की है कि विराटनगर तहसील क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखा जाए। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का कहना है कि विराटनगर तहसील क्षेत्र भौगोलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, प्रशासनिक दृष्टिकोण से जयपुर जिला विराटनगर क्षेत्र की जनता के लिए उपयुक्त है। संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया पिछले 47 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा है। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जिला गठन कमेटी के चेयरमैन राम लुभाया मुय सचिव, अतिरिक्त मुय सचिव, विधानसभा सचिव, जिला कलेक्टर सहित अनेक राजनीतिक एवं प्रशासनिक लोगों से मुलाकात कर अपना पक्ष रख चुके हैं।

# सांभर में तूफान से दर्जनों पेड़ व विद्युत पोल गिरे

■ देर रात तक चला बारिश का दौर, अंधेरे में डूबा शहर

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे भीषण चक्रवाती तूफान से सैकड़ों पेड़ व कई जगहों पर विद्युत पोल उखड़ गए व कुछ आधे से अधिक झुककर गिरने जैसी स्थिति में आ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सांभर और आसपास के गांव में करीब 20 से अधिक विद्युत पोल गिरने की खबर है, इसके अलावा ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं तो कहीं पर डीपी स्ट्रक्चर का पूरा ढांचा ही जमीन पर आ गिरा। समूचा कस्बा पूरी रात अंधेरे में डूबा रहा व दोपहर बाद विद्युत सप्लाई सुचारू होने के बाद लोगों को राहत मिली।

तूफान का कहर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सांभर की गांधी बालवाड़ी सहित अनेक जगहों पर विशालकाय नीम के पुराने वृक्ष तक उखड़ गये। देवयानी स्थित श्याम बाबा दरबार के बाहर लगा मजबूत टीन शेड तक उखड़ कर दूर मंदिर के पास जाकर गिर गया। आस-पास के गांव सहित कस्बा में भी अनेक बालकनी टूट कर गिर गई तो किसी की चारदीवारी धराशाई हो गई।

कई जगहों से पशुओं के मारे जाने की भी खबर है तो कुछ मकान की दीवार व टीनेशेड गिरने से उसकी चपेट में आने के कारण चोटिल भी हुए बताए। न्यू मार्केट से लेकर नया बस स्टैंड तक अधिकतर दुकानों पर लगे बड़े-बड़े होल्डिंग्स सड़क पर पड़े हुए थे। कमोबेश यही स्थिति गोला बाजार सहित सभी प्रमुख स्थानों पर देखने को मिली। आसपास के अनेक गांव से भी इसी प्रकार का काफी नुकसान होने के समाचार है।

विधायक निर्मल कुमावत नहीं फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में भीषण तूफान में हुए नुकसान का आकलन कर संबंधित को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाने के लिए सर्वे रिपोर्ट के लिए जिला कलेक्टर को लिखा है।


सांभर में तूफान से अनेक जगहों पर पेड़ धराशायी हो गए।

## यादव एवं वर्मा का स्वागत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारतीय सिविल सेवा में श्रीमाधोपुर व खंडेला के निवासी क्रमश: गणपत यादव व पंकज वर्मा का चयन होने पर विनायक क्लासेज श्रीमाधोपुर में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर निदेशक संयोग भावरिया ने बताया खंडेला निवासी पंकज वर्मा के पिता राम सिंह वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हैं जिन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 515 वी रैंक हासिल की है व श्रीमाधोपुर के फुटाला निवासी गणपत यादव किसान के बेटे हैं जिन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 665 वी रैंक हासिल की है, दोनों प्रतियोगियों का विनायक क्लासेज श्रीमाधोपुर में माल्यार्पण कर, राजस्थानी परंपरा की पहचान साफा बंधवा कर, स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया । इस मौके पर पर आए हुए अतिथियों का राकेश सर ने अभिनंदन एवं स्वागत किया ।

इस अवसर पर खंडेला के रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी रहे सुल्तान पालीवाल, सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक,रामसिंह पालीवाल वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, पूर्व प्रिंसिपल झाबर महला, सुरेश यादव,महेंद्र मेहरडा एवं क्लासेज के अभ्यर्थी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का मंच संचालन गोपाल गढ़वाल ने किया।


**Office of Gram Panchayat Puniyo Ka Tala,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/25 दिनांक :- 24.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 02.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00010**
Village Development Officer, Gram Panchayat Puniyo Ka Tala, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Puniyo Ka Tala, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Sawau Moolraj,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/145 दिनांक :- 20.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 04.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00012**
Village Development Officer, Gram Panchayat Sawau Moolraj, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Sawau Moolraj, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Neemba Ki Dhani,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/17 दिनांक :- 24.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 02.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00007**
Village Development Officer, Gram Panchayat Neemba Ki Dhani, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Neemba Ki Dhani, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Mado Ki Dhani**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/123 दिनांक :- 20.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 04.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00011**
Village Development Officer, Gram Panchayat Mado Ki Dhani, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Mado Ki Dhani, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Lapundara Barthan,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/31 दिनांक :- 24.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 02.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00009**
Village Development Officer, Gram Panchayat Lapundara Barthan, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Lapundara Barthan, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Kharapar**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/11 दिनांक :- 24.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 02.06.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00008**
Village Development Officer, Gram Panchayat Kharapar, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Kharapar, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Danpura,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/SPL/102 दिनांक :- 20.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 29.05.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00005**
Village Development Officer, Gram Panchayat Danpura, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Danpura, Panchayat Samiti Gida (Barmer)

**Office of Gram Panchayat Jaakhada,**
Panchayat Samiti Gida (Barmer)
क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2023-24/02 दिनांक :- 20.05.2023
**NOTICE INVITING E-BID**
E-Bids for the procurement of Construction Material and related equipments services are invited from interested Bidder/Dealers/Suppliers up to 06.00 PM on 29.05.2023. Other particulars of bid may be visited on the State Public Procurement Portal (www.sppp.rajasthan.gov.in) and www.eproc.rajasthan.gov.in
**UBN - PLP2324GLRC00006**
Village Development Officer, Gram Panchayat Jaakhada, Panchayat Samiti Gida (Barmer) — Sarpanch, Gram Panchayat Jaakhada, Panchayat Samiti Gida (Barmer)